
**विषयगत बहुविकल्पीय प्रश्न : सामाजिक विज्ञान क्लस्टर (अर्थशास्त्र, सामाजिक विज्ञान, पीपीई और मनोविज्ञान के विद्यार्थियों के लिए)**

***Year 2024 - Round 1***

नीचे दिए गए लेखा-चित्र में चार देशों— अर्जेण्टीना, बांग्लादेश, श्रीलंका और भारत — में वर्ष 2000, 2005, 2010, 2015 और 2020 के दौरान बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या का प्रतिशत दिखाया गया है। इस लेखा-चित्र का उपयोग करके निम्नलिखित तीन प्रश्नों का उत्तर दें।




स्रोत : विश्व विकास सूचकांक, विश्व बैंक

निम्नलिखित में से किस देश में वर्ष 2000 व 2015 के बीच बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या के प्रतिशत में सबसे ज़्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है?

a) अर्जेण्टीना

b) बांग्लादेश

c) श्रीलंका

d) भारत

निम्नलिखित में से किस देश में वर्ष 2000 व 2020 के बीच बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या के प्रतिशत में दोगुने से ज़्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है?

a) अर्जेण्टीना

b) बांग्लादेश
c) श्रीलंका
d) भारत

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

a) वर्ष 2000 से 2020 के बीच चारों देशों में बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या का प्रतिशत समान दर से बढ़ा है।
b) वर्ष 2000 से 2020 के बीच भारत में बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या का प्रतिशत बांग्लादेश की तुलना में ज़्यादा तेज़ दर से बढ़ा है।
c) अर्जेण्टीना में बिजली तक पहुँच वाली आबादी का प्रतिशत किसी भी अन्य देश की तुलना में ज़्यादा तेज़ दर से बढ़ा है।
d) वर्ष 2000 से 2020 तक के सभी सालों में बिजली तक पहुँच वाली जनसंख्या का प्रतिशत सबसे कम बांग्लादेश में रहा है।

---

भारत में कई युवा स्नातकों के पास कोई नौकरी (या काम) नहीं है। यानी, वे बेरोज़गार हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसकी सही तरह से व्याख्या करता है?

a) सम्भवतः, अधिकतर युवा ज़िन्दगी के मज़े लेना चाहते हैं और इसलिए वे गम्भीरता के साथ काम पाने की कोशिश नहीं करते हैं।
b) सम्भवतः, लगभग सभी तरह की नौकरियों में कुछ वर्षों के अनुभव की आवश्यकता होती है, जो युवाओं के पास नहीं होता है, और इसलिए उन्हें काम पाने में कठिनाई पेश आती है।
c) सम्भवतः, स्नातकों के लिए उपयुक्त नौकरियों की संख्या से युवा स्नातकों की संख्या बहुत ज़्यादा है।
d) सम्भवतः, अधिकतर भारतीय स्नातक अमीर परिवारों से आते हैं और इसलिए उन्हें नौकरी तलाशने की ज़रूरत ही नहीं है।

---


एक निजी बैंक अपने सभी कर्मचारियों को उनकी रैंक और अनुभव के आधार पर एक समान राशि (वेतन) देता है। इसके बावजूद, महिला कर्मियों ने बैंक के निदेशक को पत्र लिखा। इस पत्र में उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि बैंक पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार नहीं करता है।
निम्नलिखित में से कौन-सा कथन इसका सम्भावित कारण हो सकता है?

a) महिलाएँ सोचती हैं कि समाज में पुरुषों की तुलना में उनके साथ असमान व्यवहार होता है। अतः, इस अन्याय की भरपाई के लिए वे पुरुषों की तुलना में अधिक वेतन की हक़दार हैं।
b) घर पर महिलाओं को अकसर खाना बनाना पड़ता है, इसलिए कार्यस्थल पर वे पुरुषों की तुलना में ज़्यादा थकान महसूस करती हैं। इस प्रकार, हालाँकि दफ़्तर में महिलाएँ और पुरुष बराबर का ही काम कर रहे होते हैं, तब भी महिलाओं को लगता है कि वे अधिक काम कर रही हैं लेकिन उन्हें भुगतान कम हो रहा है।
c) बैंक समान रैंक और अनुभव के लिए समान वेतन देता है। हालाँकि, अधिकांश महिला कर्मचारी रैंक में पुरुषों के समान नहीं हैं।
d) समान रैंक या अनुभव के लिए समान वेतन का मतलब यह नहीं है कि कार्यस्थल पर पुरुषों और महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया जाता है।

---

***Year 2024 - Round 2***

नीचे दिया गया लेखा-चित्र फ़सल के उत्पादन की जानकारी देने वाले किसान परिवारों के प्रतिशत को और फ़सलों की बिक्री की जानकारी देने वाले फ़सल उत्पादक किसान परिवारों के प्रतिशत को दर्शाता है।




किसान परिवारों ने उत्पादन के लिए किस फ़सल को सबसे कम चुना है?

a) रागी
b) मूँग
c) धान
d) आलू

---

किसान परिवारों ने उत्पादन के लिए किस फ़सल को सबसे ज़्यादा चुना है?

a) कपास

b) गन्ना

c) धान

d) सोयाबीन

---

किसान परिवारों ने किस फ़सल की सबसे ज़्यादा बिक्री होने की जानकारी दी है?

a) धान

b) मक्का

c) गन्ना

d) कपास

---

एक हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में जब पति की आय कम होती है, तो पत्नी के कामकाजी होने की सम्भावना अधिक होती है। आपके अनुसार निम्नलिखितमें से कौन-सा इसका सम्भावित कारण है?

a) जब पति की आय कम होती है तो वे अधिक खाद्य पदार्थ ख़रीदने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में, पत्नी को खाना बनाने में ज़्यादा समय नहीं लगाना पड़ता है। वह अपने ख़ाली समय का उपयोग कोई कामकाज करने में कर सकती है।

b) पति की आय कम होने पर वे अपने माता-पिता के साथ नहीं रहते हैं। अतः, पत्नी को अपने ससुराल वालों की देखभाल नहीं करनी पड़ती है और उसके पास अधिक ख़ाली समय होता है, जिसका उपयोग वह कोई काम करने के लिए कर सकती है।

c) जब पति की आय कम होती है तो वे अपनी पत्नी पर हावी नहीं हो पाते हैं। अतः, पत्नी अधिक स्वतंत्र होती है और काम करने के लिए बाहर जा सकती है।

d) जब पति की आय कम होती है तो उनके परिवार के ग़रीब होने और वित्तीय मुश्किलों में होने की सम्भावना अधिक होती है। ऐसे में, परिवार के लिए पैसा कमाने के लिए पत्नी को काम करना पड़ता है।

---

एक छोटे क़स्बे की कल्पना करें। इसके निवासी पीढ़ियों से एक साथ रहते आ रहे हैं। उनमें से ज़्यादातर लोग समान आयोजनों में भाग लेते हैं, एक जैसे त्यौहार मनाते हैं और समान विश्वास साझा करते हैं। जीवन के इस मिले-जुले ढंग ने उन्हें एक-दूसरे के साथ जुड़ने और दुनिया की एक समान सामूहिक

समझ विकसित करने में मदद की है। निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द इस साझा जीवन शैली और किसी समुदाय की मान्यताओं, मूल्यों और


प्रथाओं का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

a) शहरीकरण
b) ग्राम्य जीवन
c) संस्कृति
d) प्रवास

---

***Year 2025 - Round 1***

नीचे दिया गया ग्राफ मासिक आय (Y अक्ष पर) और आय के परसेंटाइल को दर्शाता है। उदाहरण के लिए, प्रति माह 100,000 से अधिक आय वाले लोग आय वितरण के ऊपरी 3 प्रतिशत से जुड़े हैं। इस ग्राफ के आधार पर नीचे दिये गए सवालों के उत्तर दें।




नीचे दिये गए कथनों में से कौन सा सही है?

a) 15,000 रुपये प्रति आय वाला व्यक्ति ऊपरी 20 प्रतिशत में होगा।
b) 10,000 रुपये प्रति माह आय वाला व्यक्ति निचले 50 प्रतिशत में होगा।
c) ऊपरी 10 प्रतिशत में एक व्यक्ति की अधिकतम आय 14,900 रुपये प्रति माह होगी।
d) निचले 40 प्रतिशत में एक व्यक्ति की कम से कम आय 6,700 रुपये प्रति माह होगी।

---

निचले 40 प्रतिशत समूह के लोगों की आय क्या है?

a) 4,600 से 6,700 रुपये प्रति माह के बीच।

b) 6700 रुपये प्रति माह से कम।

c) 4,600 से 9,500 रुपये प्रति माह के बीच।

d) 4,600 रुपये प्रति माह से कम।

---

63,000 रुपये प्रति माह आय वाला व्यक्ति किस समूह में होगा

a) ऊपरी 1%

b) ऊपरी 3%

c) ऊपरी 5%

d) ऊपरी 10%

---

समीरा ने घर पर पेपर प्लेट बनाने की इकाई स्थापित की है। वह 10,000 रुपये की लागत से प्लेट बनाने की मशीन खरीदती है। प्रत्येक प्लेट बनाने में 5 रुपये का खर्च आता है और वह प्रत्येक प्लेट को 10 रुपये में बेचती है। इस स्थिति में समीरा को कितनी प्लेटें बेचनी चाहिए ताकि वह मशीन पर खर्च की गई राशि को वापस पा सके?

a) 1000 प्लेटें

b) 1500 प्लेटें

c) 2000 प्लेटें

d) 2500 प्लेटें

---

एक प्रयोगकर्ता बच्चों के ध्यान पर अध्ययन करना चाहता है। प्रयोगकर्ता 5, 8 और 10 वर्ष की आयु के बच्चों का अध्ययन करता है। नीचे दिया गया कौन सा विकल्प प्रयोगकर्ता के काम का सबसे अच्छा वर्णन करता है:

a) कई वर्षों तक एक ही बच्चों का अध्ययन करना।

b) केवल एक बच्चे का अध्ययन करना।

c) एक ही समय में अलग-अलग आयु के कई बच्चों का अध्ययन करना।

d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

---

एक विश्वविद्यालय में विज्ञान विभाग एक अध्ययन करने में दिलचस्पी रखता है। इस अध्ययन का मक़सद यह पता लगाना है कि विद्यार्थियों को विज्ञान की कौन सी पाठ्यपुस्तक अधिक पसंद है। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के दो सेक्शन हैं। दोनों सेक्शन को इस अध्ययन में शामिल किया जाता है। दिन में मिलने वाला सेक्शन पाठ्यपुस्तक A का उपयोग करता है और रात में मिलने वाला सेक्शन पाठ्यपुस्तक B का इस्तेमाल करता है। सेमेस्टर के अंत में, दोनों सेक्शन के विद्यार्थियों को उनके द्वारा उपयोग की गई किताबों को रेटिंग देने के लिए कहा जाता है। नीचे दिये गये विकल्पों में से किसमें अध्ययन के निष्कर्षों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना है?

a) विद्यार्थियों ने पहले कितने विज्ञान के कोर्सेस लिए थे।
b) वह विश्वविद्यालय जहाँ अध्ययन हो रहा है।
c) प्रत्येक सेक्शन में उपयोग की जाने वाली किताब।
d) प्रत्येक सेक्शन के मिलने का समय।

---

अलग सोच तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी एक विषय के बारे में सोचना शुरू करता है और उस विषय के आधार पर कई अलग-अलग विचार या संभावनाएँ सामने लाता है। नीचे दिया गया कौन स विकल्प अलग सोच का सबसे अच्छा उदाहरण है:

a) एक खाली कागज़ को तब तक घूरते रहना जब तक कि कोई नया, अभिनव समाधान दिमाग में न आ जाए।
b) एक साथ कई गतिविधियों में शामिल होना।
c) चट्टान के टुकड़े के संभावित उपयोगों के बारे में सोचना।
d) क्रॉसवर्ड पहेली को हल करना।

---

माणदेश का यह इलाक़ा महाराष्ट्र के मध्य में स्थित है, जहां घुमंतू धनगर चरवाहे सदियों से भटकते रहे हैं। दक्कन के पठारों के इस सूखाग्रस्त इलाक़े में जल स्रोतों को तलाशने के ज्ञान के ज़रिए ही उनका गुज़ारा चलता रहा है।
सालों से, मैंने औरतों को बर्तन भरने के लिए क़तार में खड़े होते देखा है। राज्य सरकार 12 दिनों में सिर्फ़ एक घंटे के लिए पानी की आपूर्ति करती है। साप्ताहिक बाज़ार में, किसान पानी से जुड़ी समस्याओं के बारे में बात करते हैं, और बताते हैं कि कैसे गहरे कुएं खोदने के बावजूद उन्हें पानी नहीं मिल पा रहा है। अगर उन्हें पानी मिल भी जाता है, तो वह अक्सर दूषित होता है, जिससे गुर्दे की पथरी जैसी बीमारियां हो जाती हैं।

हालात कुछ ऐसे बन चुके हैं कि खेती करना संभव नहीं रह गया है. गांवों के युवा मुंबई जैसे बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

कारखेल के रहने वाले किसान गायकवाड़ ने अपने सभी मवेशी बेच दिए हैं और अब सिर्फ़ बकरियां पालते हैं। उनके खेत बंजर पड़े हैं और उनके बेटे दिहाड़ी मज़दूरी करने मुंबई चले गए हैं। साठ साल से ज़्यादा के हो चुके गायकवाड़ अपनी पत्नी और पोते-पोतियों के साथ रहते हैं और उम्मीद करते हैं कि मौत के दस्तक देने से पहले उन्हें पानी मिल जाएगा। परिवार बर्तन और कपड़े धोने के लिए उसी पानी का इस्तेमाल करता है जिसे उन्होंने पहले नहाने के लिए इस्तेमाल किया था। यही पानी घर के सामने लगे आम के पेड़ में डाला जाता है।
(स्रोत: पारी अभिलेखागार)

उपरोक्त अंश के आधार पर, नीचे दिये गए सवालों का उत्तर दें:

उपरोक्त विवरण का मुख्य विषय है –

a) किसानों का पलायन
b) जल संकट
c) राज्य सरकार की जल आपूर्ति नीति
d) कृषि बाजार

गायकवाड़ ने अपनी मवेशी क्यों बेचे?

a) अपने बेटे को मुंबई भेजने के लिए
b) मवेशी दूध नहीं दे रहे थे
c) उन्हें खिलाने के लिए घास के मैदान नहीं हैं
d) बकरियाँ मवेशियों से ज़्यादा लाभदायक हैं

न्यूनतम जल के उपयोग को दिखाने के लिए किस काम का उदाहरण दिया गया है?

a) अपने बच्चों को मुंबई भेजने के लिए
b) मवेशियों को बेचना
c) गहरे कुएँ खोदना

d) अलग-अलग उद्देश्यों के लिए पानी का पुनः उपयोग

---

***Year 2025- Round 2***

नीचे दी गई तालिका में अलग-अलग उम्र के (लड़कियों और लड़कों) विद्यार्थियों का आयु के अनुसार उपस्थिति का अनुपात (Age Specific Attendance Ratio – ASAR) दिया गया है। उदाहरण के तौर पर, तीसरी पंक्ति के दूसरे नंबर में दिखाया गया है कि 11 से 13 वर्ष आयु की छात्राओं का ASAR 93.6 है। इस तालिका के आधार पर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**Statement 3.12 Age Specific Attendance Ratio (ASAR)**

**all-India**

| **age groups** | **Age Specific Attendance Ratio (ASAR)** | | |
|---|---|---|---|
| | **male** | **female** | **person** |
| **rural+urban** | | | |
| 3-5 years | 33.9 | 32.1 | 33.1 |
| 6-10 years | 95.8 | 94.1 | 95.0 |
| 11-13 years | 95.2 | 93.6 | 94.5 |
| 14-17 years | 79.4 | 77.5 | 78.5 |
| 18-23 years | 32.6 | 24.6 | 28.8 |
| 24-29 years | 2.7 | 1.5 | 2.1 |
| 30-35 years | 0.2 | 0.1 | 0.2 |
| 5-29 years | 56.7 | 50.6 | 53.8 |
| 3-35 years | 46.2 | 41.2 | 43.9 |

*Ref: Table 44, Appendix A*

*Note: 1. Current attendance here includes attendance in formal or non-formal education*
*2. Age Specific Attendance Ratio (ASAR) for the age groups 3-5 years, 6-10 years, 11-13 years, 14-17 years, 18-23 years, 24-29 years, 5-29 years, 3-35 years for different States is given in Statement 3.12.1.*

निम्नलिखित में से किस समूह की उपस्थिति का अनुपात सबसे ज़्यादा है?

a) 6-10 वर्ष

b) 11-13 वर्ष

c) 14-17 वर्ष

d) 5-29 वर्ष

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन पूर्णतः सत्य है?

a) सभी आयु समूहों के लिए महिलाओं का ASAR पुरुषों के ASAR से ज़्यादा है।

b) आयु के साथ ASAR बढ़ता है।

c) आयु के साथ ASAR घटता है।

d) 18-23 वर्ष के आयु समूह में महिलाओं और पुरुषों के ASAR में सबसे ज़्यादा अंतर है।

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

a) हर आयु समूह में प्रवेश लेने वाली महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों से ज़्यादा है।

b) स्कूल जाने वाली छात्राओं का प्रतिशत पुरुषों से ज़्यादा है।

c) महिला और पुरुषों का ASAR उम्र के अनुसार नहीं बदलता है।

d) पुरुषों के ASAR की तुलना में महिलाओं का ASAR हमेशा कम है।

किस आयु समूह की महिलाओं और पुरुषों के ASAR में सबसे कम अंतर है?

a) 3-5 वर्ष

b) 6-10 वर्ष

c) 24-29 वर्ष

d) इनमें से कोई नहीं

---

एक शोधार्थी बच्चों के 'ध्यान' पर अध्ययन करना चाहता है। उसने 5 साल के बच्चों का अध्ययन उनके 8 से 10 साल का होने तक किया। निम्नलिखित में से यह शोधार्थी क्या कर रहा है?

a) शोधार्थी उन्हीं बच्चों का अध्ययन कई वर्षों तक करता रहा है।

b) शोधार्थी एक ही बच्चे अध्ययन कर रहा है।

c) शोधार्थी अलग-अलग आयु समूह के बच्चों का अध्ययन एक समय पर कर रहा है।

d) शोधार्थी इनमें से कोई काम नहीं कर रहा है।

---

दो अलग-अलग विश्वविद्यालयों के विज्ञान विभाग एक अध्ययन करना चाहते हैं, जिसमें वे यह जानना चाहते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान की किस पाठ्यपुस्तक को ज़्यादा पसंद करते हैं। इनमें से पहला विश्वविद्यालय पाठ्य-पुस्तक A का इस्तेमाल करता है, और दूसरा विश्वविद्यालय पाठ्य-पुस्तक B का इस्तेमाल करता है। सेमेस्टर ख़त्म होने के बाद दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को उनके द्वारा इस्तेमाल की गई पाठ्यपुस्तक को रेटिंग देने के लिए कहा जाएगा।

इस अध्ययन के निष्कर्षों को प्रभावित करने की सबसे अधिक संभावना निम्नलिखित में से किसमें है?

a) विद्यार्थियों द्वारा पहले लिए गए विज्ञान पाठ्यक्रमों की संख्या

b) जिस विश्वविद्यालय में यह अध्ययन किया जा रहा है

c) हर एक सेक्शन में इस्तेमाल की जाने वाली पुस्तक

d) हर एक सेक्शन का दिन में होने का समय

---

अभिसारी सोच तब होती है जब किसी समस्या को केवल एक ही उत्तर के रूप में देखा जाता है। यह सोच अंततः पिछले ज्ञान और तर्क का उपयोग करके उस एकल उत्तर की ओर ले जाती है (अभिसारी सोच से होते हुए)। निम्नलिखित में से कौन-सा अभिसारी सोच (Convergent thinking) का सबसे अच्छा उदाहरण है:

a) जब तक दिमाग़ में कोई नया, अभिनव समाधान न आ जाए, तब तक किसी कोरे कागज़ को घूरते रहना
b) एक साथ कई गतिविधियों में हिस्सा लेना
c) एक छोटे-से पत्थर के संभावित इस्तेमाल के बारे में सोचना
d) शब्द पहेली हल करना

---

सादिया हुसैन ने 'संसद में महिलाओं का प्रदर्शन: लोकसभा में महिला सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का मात्रात्मक अध्ययन (1999-2019)' नाम का एक लेख लिखा। इस अध्ययन में उन्होंने महिलाओं को सोचे समझे तरीके से राजनीतिक जीवन से बाहर रखे जाने के कारण महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और उसके परिणामस्वरूप उनके राजनीतिक प्रदर्शन पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण किया है। सादिया के मुताबिक इस विषय पर बहुत कम लेखन हुआ है। सादिया ने इस अध्ययन में "सदन की बहसों, विचार-विमर्श और सवाल पूछने में महिलाओं की भागीदारी पर चिंतन किया है।" यह माना जाता है कि जब महिलाएँ संसद की बहसों या सवाल-जवाब में भागीदारी करती भी हैं, तो वे अक्सर महिला एवं बाल विकास, फूड प्रोसेसिंग, स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे 'आम मुद्दों' तक सीमित बातचीत में हिस्सा लेती हैं। सादिया हुसैन इस आम धारणा का विरोध करती हैं। सच्चाई सामने लाने के लिए उन्होंने संसद की लाइब्रेरी में मौजूद बहुत बड़े डेटा (पुरुष और स्त्री सांसदों द्वारा दिए गए लगभग 4,00,000 उत्तरों) का अध्ययन व विश्लेषण करने के बाद साबित किया कि, "महिलाएँ देश के आंतरिक कानून व न्याय व्यवस्था, विदेशी मामलों, रेलवे, इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे सभी ज़रूरी मुद्दों पर भी चर्चा में भागीदारी करती हैं।"

(स्रोत: https://www.epw.in/engage/article/womens-reservation-act-2023-symbolic-gesture-or-0 से अनुदित)

ऊपर दिए गए परिच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सादिया हुसैन के विश्लेषण का मुख्य स्रोत क्या है?

a) संसद में दिए गए भाषणों की ख़बरें

b) महिला सांसदों द्वारा संसद में दिए गए उत्तर
c) महिला व पुरुष सांसदों द्वारा संसद में दिए गए उत्तर
d) महिला सांसदों के साक्षात्कार

संसद के कामकाज में महिला सांसदों की भागीदारी के बारे में सादिया हुसैन ने किस मान्यता को चुनौती दी?

a) महिलाएँ सिर्फ़ देश की आंतरिक कानून व न्याय व्यवस्था और विदेशी मामलों से जुड़ी चर्चाओं में हिस्सा लेती हैं।
b) महिलाएँ सिर्फ़ महिला व बाल कल्याण से जुड़ी चर्चाओं में ही हिस्सा लेती हैं।
c) महिला सांसद आम तौर पर अच्छी वक्ता नहीं होती हैं।
d) महिलाओं को संसदीय बहसों में हिस्सा लेने से सोचे-समझे तरीके से रोका जाता है।

इस अध्ययन-विश्लेषण से सादिया हुसैन ने क्या निष्कर्ष निकाला है?

a) पुरुष सांसदों से बेहतर भाषण महिला सांसद देती हैं।
b) महिला सांसद महिलाओं और बच्चों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना पसंद नहीं करती हैं।
c) महिला सांसद सभी के लिए महत्त्वपूर्ण 'आम' और 'ख़ास' मुद्दों पर बात कर सकती हैं।
d) पुरुष सांसद ही ख़ासतौर पर देश के आंतरिक कानून व न्याय व्यवस्था और विदेशी मामलों पर बात करते हैं।